क

मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महान शासक और योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने छत्रपति शिवाजी के साहस और पराक्रम को याद करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज को स्मरण करते समय सदैव एक आत्मविश्वास और शौर्यता से भरे व्यक्तित्व की तस्वीर उभरती है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान न्यूयार्क स्थित कॉन्सूलेट जनरल ऑफ इंडिया के कार्यालय में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल को 46वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी का निमंत्रण

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में समग्र शिक्षा शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के निदेशक श्री पी. दयानंद ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को 46वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी-2019 के उद्घाटन समारोह का निमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री ने गुरूजी गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी के अध्यात्मिक गुरू, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी और महान विचारक गुरूजी श्री गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने श्री गोखले को नमन करते हुए कहा कि उनके दिए गए अमूल्य विचार हमें बड़ी समस्या को भी सत्यता और सरलता से हल करने का मार्ग दिखाते हैं।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर हुआ सम्मानित : इंडिया

» केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने दिया पुरस्कार

रायपुर। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल कोआपरेटिव ट्रेड मेले में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सहकारी राज्य के पुरस्कार से नवाजा गया है। इस पुरस्कार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन मर्यादित संघ को प्रदान किया। 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय मेले में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन मर्यादित संघ ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए थे। इस सहकारी मेले में विदेशों से भी खरीददार काफी संख्या में आए थे। मेले में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ और मार्कफेड ने भी स्टॉल लगाया था। मेले में आए आगंतुको ने छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक रंगो से बने कोसे की साड़ी को हाथों-हाथ लिया। इस मेले में 35 देशों की करीब 150 सहकारी समितियों ने हिस्सा लिया।

राज्यपाल सुश्री उइके आज बस्तर एवं दुर्ग-भिलाई के दौरे पर रहेंगी

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 20 फरवरी को जगदलपुर और दुर्ग-भिलाई के प्रवास पर रहेंगी। राज्यपाल रायपुर से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर जगदलपुर जाएंगी और वहां दोपहर करीब 1 बजे बस्तर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद करीब सवा 3 बजे महारानी हॉस्पिटल जगदलपुर में आयोजित कटे-फटे होंठ एवं तालु का परीक्षण एवं निदान निःशुल्क शिविर में भाग लेंगी। इसके बाद राज्यपाल शाम 4 बजे जगदलपुर से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 5ः10 बजे भिलाई पहुंचेंगी। उसके बाद सर्किट हाउस दुर्ग जाएंगी तथा रात्रि 8ः10 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगी।

राष्ट्रीय कृषि मेले में किसान सीखेंगे ग्राफ्टेड पौधे तैयार करने की तकनीक

रायपुर। राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेले का आयोजन आगामी 23 फरवरी से किया जा रहा है। फल-सब्जी मंडी प्रांगण तुलसी बाराडेरा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेला में प्रदर्शित सब्जियों के ग्राफ्टेड पौधे आकर्षण के केन्द्र होंगे। मेले में किसान ग्राफ्टेड पौधों से खेती एवं पौध तैयार करने की तकनीक भी सीख सकेंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैगन, टमाटर, आलू, मिर्च एवं अन्य ग्राफ्टेड सब्जियों में विशेष गुण होने के कारण इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। मेले में आयोजित पौधों की बडिंग-ग्राफ्टिंग का जीवंत प्रदर्शनी लगेगा।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर खमतराई में लोगों ने सुनी लोकवाणी

» शरद पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता लोकवाणी कार्यक्रम को आज

रायपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता लोकवाणी कार्यक्रम को आज खमतराई में आम जनता ने सुना। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लोकवाणी कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता से रूबरू होना बहुत उपयोगी कदम है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की जनता को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की सारगर्भित जानकारी मिलती है। राज्य शासन की योजनाओं का लाभ गांवों में बसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही लक्ष्य है।

आज के लोकवाणी कार्यक्रम की तीसरी कड़ी में मातृ शक्ति और स्वास्थ्य विषय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सुपोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में शासन के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आंगनबाड़ी के माध्यम से सुपोषण दूर करने की योजना और गांव की महिलाओं को नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर खमतराई के श्री दीपक देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता और मातृ शक्ति पर बल दिया जाना सराहनीय पहल है। इसी कड़ी में श्रोता श्री प्रेमचंद दुबे ने कहा कि प्रदेश के मुखिया द्वारा हर वर्ग की भावनाओं और लोकवाणी कार्यक्रम के माध्यम से अपने और प्रदेश के लोगों से विचार साझा करने की यह अच्छी पहल है। इस अवसर पर श्री एल.मिल्टन जार्ज, श्री कृष्ण कुमार पाण्डे, श्री संतोष राव, श्री राधेश्याम सेन, श्री मनोज साहू और अक्षय भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

कैश काउंटर पर तैनात कर्मियों ने हिसाब में किया गड़बड़ी

रायपुर(आरएनएस)। जिम के कैश काउंटर पर काम करने वाले युवक युवतियों ने ग्राहकों द्वारा जमा किये शुल्क में हेराफेरी कर हजारों रुपये का गबन कर लिया। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम नगर फेस 2 शंकर नगर निवासी नवनीत सिंह चावला 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के अगस्ता टॉवर शंकर नगर स्थित गोल्ड जिम के कैश काउंटर पर तैनात प्रदीप देवांगन एवं रजनी खरे ने 1 अप्रैल 2019 से 18 फरवरी 2020 के मध्य ग्राहकों द्वारा जमा किये गये शुल्क में गड़बड़ कर 40 हजार 5 सौ रुपये का हेराफेरी किया है। दोनों कर्मचारियों से पूछताछ करने पर प्रदीप देवांगन द्वारा 32000/- रूपये का गबन करना तथा श्वेता उर्फ रजनी खरे द्वारा 8500/- रूपये गबन करना स्वीकार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 408, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का दिखने लगा असर

» प्रदेश के 60 हजार बच्चे हुए सुपोषित

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की पहल पर 2 अक्टूबर 2019 को शुरू हुए प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। पिछले चार महीनों में प्रदेश के लगभग 60 हजार बच्चों को सुपोषित करने में सफलता मिली है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के कुशल निर्देशन में प्रदेश की आंगनबाड़ियों में सुपोषण अभियान का प्राथमिता के साथ संचालन किया जा रहा है। इसके के तहत आंगनबाड़ियों में 3 लाख 15 हजार हितग्राहियों को गर्म भोजन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही 3 लाख 81 हजार हितग्राहियों को अतिरिक्त पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है। अतिरिक्त पोषण आहार में हितग्राहियों को गर्म भोजन के साथ अण्डा, लड्डू, चना, गुड़, अंकुरित अनाज, दूध, फल, मूंगफली और गुड़ की चिक्की, सोया बड़ी, दलिया, सोया चिक्की और मुनगा भाजी से बने पौष्टिक और स्वादिष्ट आहार दिये जा रहे हैं। इससे बच्चों में खाने के प्रति रूचि जागृत हुई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सब्जियों और पौष्टिक चीजों के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इससे पोषण स्तर में सुधार आना शुरू हो गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले में 1 हजार 227, सूरजपुरें 1 हजार 175, सुकमा में 1 हजार 426 और नारायणपुर जिले में 463 बच्चों के कुपोषण स्तर में अंतर आया है।

विधायक विकास उपाध्याय अपने क्षेत्र के दो वार्डों में रोज करेंगे साफ-सफाई का निरीक्षण

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय जी ने आज से अपने विधानसभा के वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेने के लिए दौरा कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक महोदय प्रतिदिन अपने विधानसभा के 2 वार्ड का दौरा करेंगे जिसमें वे प्रत्येक वार्ड में डेढ़ घण्टे का समय देंगे और स्वयं खड़े होकर दैनिक सफाई कर्मचारियों से सफाई करवाएंगे।इसी कार्यक्रम के तहत आज विधायक महोदय ने अपने विधानसभा के पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र.-22 में दौरा किया। वार्ड की जनता का हाल-चाल जान कर विधायक महोदय ने वार्ड की समस्या को संज्ञान में लिया,अपने जनप्रतिनिधि को अपने बीच पाकर जनता काफी उत्साहित नज़र आई। इस दौरान विधायक महोदय ने साफ-सफाई की व्यवस्था,पेयजल की व्यवस्था,सरकारी स्कूल में मिड-डे मील की व्यवस्था का जायजा लिया।

मुख्य सचिव कुजूर ने 'मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना' के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर दिए निर्देश

रायपुर। मुख्य सचिव श्री सुनील कुमार कुजूर ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर 'मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना' का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी के 150वें जन्मदिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए, राज्य के शहरी क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का प्रमुख उद्देश्य शहरी स्लम क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रभावी एवं सुदृढ़ करना तथा चलित चिकित्सा दल के माध्यम से शहरी स्लम क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को सहजता से पहुंचाना है। राज्य शासन द्वारा इस योजना में अधिक से अधिक जनभागीदारी को सुनिश्चित करते हुए इसका प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगर निगम क्षेत्रों में चलित चिकित्सा दल का गठन कर राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा चिन्हांकित स्थायी तथा अस्थायी स्लम में निवास करने वाले लोगों को प्रत्येक सप्ताह पूर्व से निर्धारित एक निश्चित स्थान में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक जांच तथा इलाज की सुविधा प्रदान किया जाए। इसके तहत चलित चिकित्सा दल में एक चिकित्सक, ए.एन.एम., फार्मासिस्ट तथा लैब टेक्निशियन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। शहरों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जोन कमिश्नर एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मितानिनों के साथ समन्वय कर अति आवश्यक क्षेत्र में चलित चिकित्सा दल के लिए स्थान का चयन किया जाए।

ग्रामीणों ने 'सुपोषण टोकरी' में दिया दान

रायपुर। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने अपने हाथों में सुपोषण टोकरी लेकर कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए लोगों से अपील की जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने खुलकर दान दिया। सुपोषण टोकरी में दान स्वरूप कुल 13 हजार 30 रूपए की राशि एकत्र हुई। श्री लखमा आज धमतरी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत संबलपुर में आयोजित सुपोषण जागरूकता शिविर में नौनिहालों को स्वस्थ व सुपोषित बनाने के लिए यह राशि महिला एवं बाल विकास को भेंट की। उन्होंने शिविर में छह शिशुवती माताओं को विभिन्न पौष्टिक आहार वाले व्यंजनों से युक्त टोकरी भेंट की।

सम्बलपुर में आयोजित सुपोषण शिविर में उद्योग मंत्री ने कहा कि गांधी और नेहरू के सपनों के भारत को साकार करने का काम मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार कर रही है, जिसके तहत बच्चों को कुपोषण के अभिशाप से मुक्त करने मुख्यमंत्री ने गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2019 को सुपोषण अभियान का आगाज किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि धमतरी एक समृद्ध और सम्पन्न जिला है, जहां पर कुपोषित बच्चों को नया जीवन प्रदान करने में प्रत्येक व्यक्ति अपनी सहभागिता एवं सहयोग देना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में आईटी, बायो फ्यूल, टेक्सटाईल, आयुर्वेद और सर्विस इंडस्ट्री में निवेश की बेहतर संभावनाएं : बघेल

» मुख्यमंत्री बघेल की न्यूयार्क में यूएस इण्डिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ बिजनेस मीटिंग

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अमेरिका प्रवास के दौरान न्यूयॉर्क में कांसुलेट जनरल ऑफ इंडिया में यूएस इण्डिया स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ एक बिजनेस मीटिंग में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में आईटी, इलेक्ट्रानिक्स, बायो फ्यूल, टेक्सटाईल, फार्मा, आयुर्वेद और सर्विस इंडस्ट्री में निवेश की बेहतर संभावनाएं मौजूद है। उन्होंने राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कांसुलेट जनरल संदीप चक्रबर्ती ने मीटिंग की औपचारिक शुरूआत की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ और राज्य सरकार के नवाचारों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए इन सेक्टरों में निवेश हेतु उपस्थित निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड तीन ऐसे राज्य हैं जहां लोहा, कोयला और बाक्साइट है। हमारे छत्तीसगढ़ में हीरा भी है लेकिन उसकी खुदाई अभी शुरू नहीं हुई है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने अटल आवास के पास मंगलवार को अवैध शराब लेकर जा रहे गणेश पारधी 26 वर्ष को जांच के दौरान गिरफ्तार कर उसके पास से 12 पाव देशी शराब जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 -1 के तहत कानूनी कार्रवाई किया गया है।

किसानों पर लाठीचार्ज कांग्रेस सरकार का संवेदनहीन कृत्य : नेता प्रतिपक्ष कौशिक

» धान खरीदी को लेकर धरना दे रहे किसानों पर लाठीचार्ज निंदनीय

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बस्तर के केशकाल में हुए किसानों पर लाठीचार्ज की भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से धान खरीदी को लेकर धरने पर बैठे किसानों की कोई सुन नहीं रहा था और लोकतांत्रिक ढंग से अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे किसानों पर देर रात लाठीचार्ज करना कांग्रेस सरकार का संवेदनहीन कृत्य है। उन्होंने कहा कि इस तरह से प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज करवा कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों को भयभीत करना चाहती है लेकिन इससे किसान डरने वाले नहीं है और वे अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफखड़े हैं। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि पूरे प्रदेश में धान खरीदी को लेकर जो अफरा-तफरी का माहौल है। पूरे प्रदेश के किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुध्द हमारी आवाज बुलंद रहेगी। हम हर मोर्च पर किसानों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि केशकाल में आंदोलित किसानों की मांगों को समय रहते मान लिया जाता तो जो परिस्थितियां निर्मित हुई है, वह नही होती। पूरे प्रदेश में अघोषित रूप से लंबे समय से धान खरीदी बंद है। किसानों को टोकन मिल जाने के बाद भी उनका धान नहीं खरीदा जा रहा है, अब जो टोकन जारी हुआ है उसका क्या होगा इस पर भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जवाब देना चाहिए।

विशेष लेख- डिजिटल तकनीक से आयेगी शिक्षा में गुणवत्ता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इस तकनीक का उपयोग के जरिए विद्यार्थियों के लिए स्तरीय सामग्री तैयार की जा रही है। राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में विषय शिक्षकों की कमी की समस्या को हल करने के लिए वीडियो पाठ्यक्रम के जरिए पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। हाल ही में एक पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में वीडियो कॉल एप्लीकेशन का उपयोग करने की पहल की गई है। स्कूलों में जिन विषयों के शिक्षक नहीं है, वहां विषय विशेषज्ञों के माध्यम से पढ़ाई शुरू की गई है। पांच मिनट के वीडियों और लाईव-लेक्चर के माध्यम से पढ़ाई के बाद ऑनलाईन होमवर्क भी दिया जाता है। पॉयलेट प्रोजेक्ट के तौर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 12 शासकीय स्कूल सेल, कोमाखान, चांपा, बरना, नवापारा और खरोरा, सांकरा, बालोद, कोमाखान, मुंगेली, बेमेतरा में इसकी शुरूआत 10 फरवरी से हो चुकी है। इसमें सभी विषयों की ई-कक्षाएं उपलब्ध है। आने वाले समय में इसी योजना से करीब एक हजार स्कूलों को लाभांन्वित करने का लक्ष्य है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वीडियो लैक्चर तैयार करने के लिए राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और एनआईसी नवा रायपुर में अध्ययन सामग्री तैयार करने के लिए स्टूडियो स्थापित किया गया है। विशेषज्ञ शिक्षकों को पहले एनिमेशन, सिमुलेशन और टीचर लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) का उपयोग करके वीडियो व्याख्यान शूट करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस वीडियो की समीक्षा विषय-विशेषज्ञों द्वारा की जाती है और यू-ट्यूब पर अपलोड की जाती है, ताकि कोई भी इसे देख सके और सीख सके। तैयार की गई पाठ्य सामग्री यू-ट्यूब चैनल डीइएल छत्तीसगढ़ में अपलोड की जाती है। आम तौर पर प्रत्येक अवधारणा वीडियो लम्बाई में 4-5 मिनट का है, जो एक अध्याय के रूप में एक साथ मिले हुए हैं। स्कूल द्वारा एक टेक फ्रेंडली स्कूल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है, जिसे राज्य द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU